प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 25.11.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350 वें शहीदी दिवस पर किया नमन, विशेष सिक्का और डाक टिकट किया जारी, कहा–उनका जीवन, त्याग और चरित्र बहुत बड़ी प्रेरणा।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी सम्मन की अवहेलना मामले में झटका, हाईकोर्ट ने ट्रायल जारी रखने का दिया निर्देश।
- पलामू में पुलिस ने लूटकांड का किया खुलासा,साजिशकर्ता समेत 5 गिरफ्तार, पाकुड़ में चोरी की 12 बाइक के साथ दबोचे गए तीन चोर।
- राज्य में अगले पांच दिनों तक शुष्क रहेगा मौसम, दो दिनों में दो डिग्री तापमान में गिरावट का पूर्वानुमान ।
- और हजारीबाग को पहली बार बीसीसीआई घरेलू कूच बिहार ट्रॉफी की मिली मेजबानी, आठ से 11 दिसंबर तक होगा आयोजन।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर हरियाणा के कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने श्री गुरु ग्रंथ साहिब को नमन किया। प्रधानमंत्री ने श्री गुरु तेग बहादुर के सम्मान में विशेष सिक्का और डाक टिकट जारी किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसे व्यक्तित्व विरले ही होते हैं और उनका जीवन, त्याग और चरित्र बहुत बड़ी प्रेरणा है

****

केंद्रीय वाणिज्य तथा उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि कागजी कार्रवाई और अनुमोदन आवश्यकताओं को कम करने के लिए 29 श्रम कानूनों को सरल बनाकर चार श्रम संहिताओं में समूहीकृत किया गया है। नई दिल्ली में राष्ट्रीय व्यापार नेताओं के सम्मेलन में उन्होंने कहा कि नई श्रम संहिताएँ बेहतर श्रम प्रथाओं को बढ़ावा देती हैं, श्रमिकों के लिए व्यावसायिक सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं और राष्ट्रीय स्तर पर न्यूनतम मजदूरी की गारंटी देती हैं।

****

ईडी सम्मन मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से झटका लगा है। सम्मन का पालन नहीं करने मामले को लेकर एमपी एमएलए की विशेष अदालत में दी गयी अंतरिम राहत को हाईकोर्ट ने हटा लिया है। हाईकोर्ट में इस मामले की सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से समय की मांग की गयी तथा अंतरिम राहत को बढ़ाने का आग्रह किया गया, जिसे अदालत ने अस्वीकार कर दिया।

****

पलामू के मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र में हुई लूटकांड का पुलिस ने खुलासा किया है। घटना के 6 दिनों के भीतर साजिशकर्ता समेत पांच लुटेरों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें एक नाबालिग शामिल है। लुटेरों के पास से लूटी गई ज्वेलरी और एक फाइबर पिस्टल बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने बताया कि पीड़िता के किराएदार ने ही लूट की योजना तैयार की थी

इधर पाकुड़ जिले की पुलिस ने अंतरराज्यीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह का खुलासा किया है तीन चोरों की गिरफ्तारी के साथ ही एक दर्जन चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की।

****

दिव्यांग युवती से दुष्कर्म के मामले में कोडरमा के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय संजय कुमार चौधरी की अदालत ने दोषी को 10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है साथ ही 25 हजार जुर्माना लगाया।

****

प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना से रामगढ़ जिले में नौजवानों के बीच रोजगार के अवसर उपलब्ध हुए हैं। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज राज भवन में आयोजित समारोह में प्रख्यात मानवशास्त्री शरत चन्द्र राय की महत्वपूर्ण कृति 'उरांव धर्म एवं प्रथाएँ' का डॉ. राज रतन सहाय द्वारा किए गए हिंदी अनुवाद पुस्तक का लोकार्पण किया। राज्यपाल ने कहा कि यह पुस्तक भारत की जनजातीय परंपराओं, आस्था–विचार, सामाजिक संरचना और सांस्कृतिक जीवन का एक जीवंत दस्तावेज है।

****

गोवा के पणजी में आयोजित भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव– इफ्फी के 56वें संस्करण में आज कई विशेष गतिविधियों का आयोजन हो रहा है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से

****

राज्य में अगले पांच दिनों तक मौसम शुष्क रहेगा। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में दो डिग्री तापमान में गिरावट का पूर्वानुमान जताया है।

****

हजारीबाग को पहली बार बीसीसीआई घरेलू कूच बिहार ट्रॉफी की मेजबानी मिली है। आठ से ग्यारह दिसंबर तक संजय सिंह क्रिकेट स्टेडियम में कुच बिहार ट्रॉफी एलीट ग्रुप के झारखंड और केरल का मैच होना है. जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सह सांसद मनीष जायसवाल ने इसकी जानकारी दी।

****

जैप टाटीसिल्वे, रांची के खेल मैदान में झारखंड सशस्त्र पुलिस क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता की आज शुरूआत हुई। पुलिस उप–महानिरीक्षक कार्तिक एस ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस प्रतियोगिता में 1137 पुलिसकर्मी और 63 तकनीकी पदाधिकारी भाग ले रहे हैं।

*******समाप्त********